
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 43 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

रविवासरीय...अच्छे किरदार मिलना मुश्किल




# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 10 मई 2020




मौसम — अधिकतम 36.0° न्यूनतम 22.0°

31642.70

2 विशेषज्ञों ने चीन को किया आगाह

7 आधा टूर्नामेंट, बुक करा ली थी रिटर्न टिकट

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम अजीत जोगी को पड़ा हार्ट अटैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम अजीत जोगी को दिल का दौरा पड़ा है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। समाचार एजेंसी एएनआइ ने रायपुर के श्री नारायण अस्पताल के हवाले से जानकारी दी है कि अजीत जोगी को उनके घर पर दिल का दौरा पड़ा है। फिलहाल उन्हें अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया है। उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उन्हें सांस लेने में तकलीफ की शिकायत पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### औरंगजेब ने बनाया था मुस्लिम, हिंदू धर्म में लौटे 40 मुस्लिम परिवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हिसार। हरियाणा के हिसार में 40 मुस्लिम परिवारों के करीब 250 लोगों ने शुक्रवार को हिंदू धर्म अपना लिया। घटना हिसार के बीढ़मीरा गांव की है। एक मुस्लिम परिवार ने हिंदू धर्म अपनाकर बाकायदा अपने परिवार की 80 वर्षीय मृतक महिला का हिंदू रीति–रिवाजों से अंतिम संस्कार भी किया। इससे पहले 18 अप्रैल को जींद के दनोड़ा गांव में भी 6 मुस्लिम परिवारों के 35 लोगों ने हिंदू धर्म अपनाया था।

### रिलायंस की राहत को अपना बता रहे सिंधिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ग्वालियर। एमपी के साथ पूरा देश जब कोरोना संक्रमण से जूझ रहा है, प्रदेश के नेता इस मामले में भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे। ऐसा ही एक मामला बीजेपी नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के गृह जिले ग्वालियर से आया है, जहां कांग्रेस ने राहत सामग्री के वितरण पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि सिंधिया जिस राहत सामग्री को अपना बताकर लोगों में बांट रहे हैं, वह दरअसल रिलायंस फाउंडेशन की ओर से उपलब्ध कराई गई है।

# भारत पर नहीं है इटली, यूएस जैसा खतरा

रोज आ रहे ढाई से तीन हजार नए केस: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

## भारत में दूसरे विकसित जैसे नहीं हालत, बुरी स्थित के लिए भी तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूरी दुनिया में कहर बरपा रहा कोरोना वायरस भारत में शायद उतना खतरनाक ना साबित हो। अमेरिका, इटली, स्पेन, फ्रांस जैसे विकसित देशों में कोविड–19 के कारण लाखों लोग मारे गए हैं। हालांकि भारत में उतने बुरे हालात नहीं होंगे। केंद्र सरकार का अनुमान तो यही कहता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन के मुताबिक, देश बुरे से बुरे हालात का सामान करने के लिए तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि कई विकसित देशों में जैसे हालात बने, हम उस तरह की स्थिति भारत में बनती नहीं देख रहे हैं।



### भारत ने बदली पेशेंट डिस्चार्ज पॉलिसी

बढ़ते कोरोना केसेज के बीच, केंद्र सरकार ने मरीजों की डिस्चार्ज पॉलिसी में बदलाव किया है। अब सामान्य केसेज में डिस्चार्ज से पहले टेस्टिंग की जरूरत नहीं रह गई है। कोरोना पेशेंट में कोई लक्षण ना दिखने, उसकी हालात सामान्य लगने पर 10 दिन में भी अस्पताल से डिस्चार्ज किय जा सकता है। डिस्चार्ज होने के बाद, मरीज को 14 दिन की बजाय अब 7 दिन के होम आइसोलेशन में रहना होगा। डिस्चार्ज के 14वें दिन टेली–कॉन्फ्रेंस के जरिए मरीज का फॉलो–अप किया जाएगा।

**सारे इंडिकेटर्स जगा रहे उम्मीद** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी कि पिछले तीन दिन में, कोरोना वायरस मामलों का डबलिंग रेट करीब 11 दिन का रहा है। पिछले सात दिनों की बात करें तो डबलिंग रेट 9.9 दिन हो जाता है। शनिवार को डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि देश में कोरोना से मरने वालों की दर 3.3 प्रतिशत है जो कि दुनिया में सबसे कम फैटलिटी रेट्स में शामिल है। इसके अलावा भारत का रिकवरी रेट 29.9 प्रतिशत हो गया है। हर्षवर्धन ने कहा कि यह सब बेहद अच्छे संकेत हैं।

**भारत में अबतक करीब दो हजार मौतें:** भारत में शनिवार सुबह तक कोविड–19 संक्रमण से संक्रमित हुए लोगों की संख्या 59 हजार के पार हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, ष्अबतक 1,981 मौतों सहित कुल 59 हजार 662 लोग कोविड–19 से संक्रमित हुए हैं।

वहीं, उपचार के बाद कुल 39 हजार 834 लोगों को पूर्ण रूप से स्वस्थ होने पर अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई। देश मे सबसे ज्यादा कोरोना के मरीज महाराष्ट्र में हैं।

### पूरी दुनिया में 2.70 लाख से ज्यादा मौतें

दुनिया भर में कोविड–19 से हुई मौतों का आंकड़ा 2,70,000 से ज्यादा हो गया है। कोरोना मामलों की संख्या 40 लाख के पार पहुंच गई है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग ने यह डेटा दिया है। कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा मौतें फर्स्ट वर्ल्ड कंट्रीज में हुई हैं। अमेरिका सबसे बुरी तरह प्रभावित है। यहां अबतक 77,180 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। दूसरा नंबर ब्रिटेन का है, जहां 31,316 लोगों की मौत हो चुकी है। सीएसएसई के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका 1,283,929 मामलों के साथ टॉप पर है। इसके बाद स्पेन (222,857), इटली (217,185), यूके (212,629), रूस (187,859), फ्रांस (176,202), जर्मनी (170,588), ब्राजील (146,894), तुर्की (135,569) और ईरान (104,691) का नंबर आता है।

# हॉरर नहीं, होप जरूरी बाज आएं राहुलः नकवी

## भय और भ्रम की राजनीति करने का आरोप

**संवाददाता**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में भारत की जीत का भरोसा जताते हुए केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कांग्रेस पर हॉरर की राजनीति करने का आरोप लगाया है। एक निजी न्यूज चौनल के कार्यक्रम में नकवी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला और उन पर भ्रम और भय का माहौल पैदा कर कोरोना के खिलाफ जंग को कमजोर करने का आरोप लगाया।

नकवी ने कहा, आज हमें होप की जरूरत है, हॉरर की जरूरत नहीं है। कुछ लोग होप पर विश्वास नहीं करते, हॉरर पैदा करके, खौफ का माहौल पैदा करके कहीं न कहीं गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

### आज का पीएमओ अलग, इस बात को समझ लें राहुल

मुख्तार अब्बास नकवी ने सीधे राहुल गांधी का नाम लेते हुए उन पर तीखे हमले किए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ...एक पार्टी के बहुत बड़े नेता हैं वह 20 सवाल पूछ लिए, आरोग्य सेतु को लेकर, प्रवासी मजदूरों को लेकर कई सवाल पूछ लिए, पीएमओ की बात कह डाली....मुझे लगता है कि राहुल बाबा को मम्मी जी का पीएमओ याद आ रहा है, मोदी जी का पीएमओ समझ में नहीं आ रहा है। उनकी मम्मी जी के पीएमओ में और मोदी जी के पीएमओ में जमीन–आसमान का फर्क है, इस बात को वह समझ लें।

मोदी सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नकवी ने आरोग्य सेतु ऐप, कोरोना व इकॉनमी को लेकर लगातार गंभीर चिंता जाहिर करने वाले बयानों की ओर इशारा करते हुए इसे गुमराह करने की कोशिश करार दिया।

नकवी ने कहा, बिना तर्कों और तथ्यों के केवल अफवाहों के माध्यम से एक इतनी बड़ी लड़ाई को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करना, इतनी बड़ी लड़ाई को भ्रम और भय का माहौल पैदा करके अपनी सियासी रोटियां सेंकना कतई ठीक नहीं है।

### देश में 60 हजार के पास पहुंचा संक्रमितों का आंकड़ा

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। देश में अब तक करीब 60 हजार मामले सामने आ चुके हैं। कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा भी बढ़कर 2000 के पास पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में शनिवार सुबह 8 बजे तक कुल 59,662 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1981 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में फिलहाल 39,834 मरीजों का इलाज अस्पतालों में जारी है। वहीं 17,847 मरीज डिस्चार्ज हो चुके हैं।स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 3,320 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 95 लोगों की मौत हो गई है। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। राज्य में कोरोना वायरस के अब तक 17974 मामले सामने आ चुके हैं। महाराष्ट्र में कोरोना से अब तक 694 लोगों की मौत हो गई है।

# प्रवासियों की ट्रेन को राज्य में घुसने नहीं दे रही ममता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■अमित शाह ने ममता को लिखा पत्र

नई दिल्ली। केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच कई मुद्दों पर तनातनी देखने को मिलती रहती है। अब प्रवासी मजदूरों को लेकर दोनों आमने–सामने आ गए हैं। आज गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक पत्र लिखा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रवासी मजदूरों को ट्रेन से घर पहुंचने में ममता सरकार केंद्र की मदद नहीं कर रही है। इस बाबत उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि बंगाल सरकार ट्रेन को राज्य में प्रवेश नहीं करने दे रही हैं।

एक तरफ जहां कई राज्य सरकारें प्रवासी मजदूरों के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन कर रही हैं, वहीं बंगाल सरकार ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है। इसे लेकर शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा है। इस पत्र में शाह ने कहा, प्रवासियों को घर पहुंचने में मदद करने के लिए राज्य सरकार का सहयोग नहीं मिल रहा है। बंगाल सरकार राज्य में प्रवासियों को ट्रेन तक नहीं पहुंचने दे रही है।

पश्चिम बंगाल तक ट्रेनों को नहीं आने देना प्रवासी मजदूरों के साथ अन्याय है। यह उनके लिए और अधिक कठिनाई पैदा करेगा।

# भारत ने पाकिस्तान को दिए कड़े संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पीओके का मौसम अपडेट दिखाना शुरू कर दिया गया है

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने टेलीविजन चौनलों से कहा है कि वह अपनी मौसम की रिपोर्ट में पीओके और उत्तरी इलाकों का अपडेट भी बताएं। इससे इमरान खान के पाकिस्तान के खिलाफ भारत की स्ट्रेटिजी में एक बड़े बदलाव का इशारा मिल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा करने का फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने किया है।

अधिकारियों के मुताबिक इसकी शुरुआत करीब 3 महीने पहले हुई थी। 3 फरवरी को विदेश और गृह मंत्रालय के सचिवों को इससे जुड़ा प्रस्ताव भेजा गया था। इसके जरिए भारत पाकिस्तान को कई संदेश देगा, जिनमें से ये 3 अहम हैं।

1– पाकिस्तान ने पीओके पर किया है अवैध कब्जा।

2– पाकिस्तान के दोस्त चीन का विरोध।

3– यूके में रहने वाले पाकिस्तानी नेताओं को भी संदेश।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in